BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345

शुभ लाभ
म्हारो भाग्यनगर
दैनिक हिन्दी शुभ लाभ, हैदराबाद, सोमवार, 17 जून, 2024

शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें।

# पचेरी अग्रवाल समिति की वार्षिक साधारण सभा सम्पन्न

**हैदराबाद, 16 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

पचेरी अग्रवाल समिति की वार्षिक साधारण सभा का आयोजन बशीरबाग स्थित होटल स्वाद ऑफ साउथ में गोपाल पचेरिया की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

समिति के प्रचार प्रसार संयोजक पवन डोकानिया ने जानकारी देते हुए बताया सर्वप्रथम महाराजा श्री अग्रसेन जी की पूजा-अर्चना की गई। तत्पश्चात समिति के अध्यक्ष गोपाल पचेरिया ने उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत किया एवं आगामी गतिविधियों की जानकारी दी। समिति के कोषाध्यक्ष दीपक अग्रवाल ने वर्ष 2023-24 का लेखा जोखा प्रस्तुत किया जिसे सर्व सहमति से पारित किया गया। समिति के मानद मंत्री नवीन कुमार गुप्ता ने पिछले वर्ष किए गए कार्यों की जानकारी दी और अगस्त माह में समिति द्वारा सावन की सैर मथुरा वृंदावन की विस्तार से जानकारी दी और बताया कि अगर कोई सदस्य चलने का इच्छुक हो तो संपर्क कर सकते हैं। समिति के







कोषाध्यक्ष ने एक लोकल के सावन की सैर का प्रस्ताव रखा और समिति द्वारा समिति सदस्यों के लिए अगस्त माह में लोकल सावन की सैर ले जाने का निर्णय लिया गया। सभा में सर्व सहमति से यह निर्णय लिया गया कि वार्षिक सदस्यता शुल्क को घटकर 500 रुपए जाएगा। समिति के संयुक्त मंत्री मनोज पचेरिया ने उपस्थित सभी सदस्यों का धन्यवाद व्यक्ति किया। सहभोज के साथ सभा संपन्न हुई। सभा में अध्यक्ष गोपाल पचेरिया, उपाध्यक्ष श्याम सुंदर संवादिया, मानद मंत्री नवीन गुप्ता, संयुक्त मंत्री मनोज पचेरिया, कोषाध्यक्ष दीपक अग्रवाल, संरक्षक ओमप्रकाश पचेरिया, परामर्शदाता गोविंदराम पचेरिया, भजनलाल पचेरिया, महावीर प्रसाद डोकानिया, भरत अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, रितेश अग्रवाल, बजरंग पचेरिया, गोवर्धन लाल पचेरिया, इंदरलाल सिंघानिया, सज्जनलाल अग्रवाल, सुंदरलाल सिंघानिया, महेश कुमार, अशोक कुमार अग्रवाल, अरुण सिंघानिया, नरेश कुमार पचेरिया, घनश्याम अग्रवाल, बजरंगलाल गुप्ता, पवन डोकानिया, अतुल अग्रवाल, आनंद अग्रवाल, संजय अग्रवाल, श्याम अग्रवाल, रजत अग्रवाल, संदीप पचेरिया, मुकेश कुमार, राकेश कुमार, राजेश कुमार, सुरेश सिंघानिया, सुनीता, रेणुका अग्रवाल, रेखा, सुनीता देवी, सीमा, अविता, अंकिता, संगीता, सुमन, सुलचना देवी, पुष्पा, रीटा, गीता, संगीता, श्रुति अग्रवाल, सरोज आदि उपस्थित रहे।




## तेलंगाना में अगले 24 घंटों के दौरान भारी बारिश के आसार

**हैदराबाद, 16 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।**



तेलंगाना के कई जिलों में अलग-अलग स्थानों पर अगले 24 घंटों के दौरान भारी बारिश होने के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र ने रविवार को तेलंगाना के आदिलाबाद, कुमरमभीम आसिफाबाद, मंचेरियल, निर्मल, निज़ामाबाद, जगतियाल और राजन्ना सिरसिल्ला जिलों में भारी बारिश होने का अनुमान जताया है।

मौसम विभाग द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार राज्य में अलग-अलग स्थानों पर बिजली और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से तेज हवाओं के साथ बारिश होने अनुमान है। राज्य में कुछ स्थानों पर अगले सात दिनों के दौरान हल्की से मध्यम बारिश या गरज के साथ बौछारें पड़ने के आसार हैं। तेलंगाना में दक्षिण पश्चिम मानसून कमजोर रहा है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में एक या दो स्थानों पर बारिश हुई।



**श्री श्री श्री त्रिदंडी श्रीनिवास व्रतधर रामानुज जीयर स्वामीजी के मंगलाशासन में श्री जगन्नाथ स्वामी मठ (झीरा), हैदराबाद में अयोध्या से पधारे श्री मुक्ति नारायण जीयर स्वामी का स्वागत करते हुए रिद्धिश जागीरदार, आलोक प्रसाद तिवारी और उत्तराधिकारी अच्युत रामानुज चार्य अजय स्वामीजी। साथ में अगामी 7 जुलाई को आयोजित होने वाली जगन्नाथ रथ यात्रा के बारे में भी चर्चा की गई।**




**श्री महेश सेवा संघ शमशीरगंज द्वारा महेश नवमी उत्सव शमशीरगंज गौशाला में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। भगवान शिव का रुद्राभिषेक किया गया एवं झांकियों के साथ शोभायात्रा निकाली गई। राजेश तोषनीवाल एवं अन्य अतिथियो का सम्मान किया गया। अवसर पर उपस्थित सभी माहेश्वरी समाज के बंधुगण।**

## जीएचएमसी खैरताबाद जोनल कमिश्नर का तबादला

**हैदराबाद, 16 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

जीएचएमसी खैरताबाद के जोनल कमिश्नर भोरखड़े हेमंत सहदेवराव को रविवार को तत्काल प्रभाव से स्थानांतरित कर दिया गया और उन्हें सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) से जोड़ दिया गया। जीएचएमसी प्रभारी आयुक्त आम्रपाली काटा ने आदेश जारी किया जिसमें कहा गया कि आईएएस अधिकारी को प्रशासनिक आधार पर स्थानांतरित किया जा रहा है। यह स्थानांतरण आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी के आवास के सामने अनधिकृत संरचनाओं को ध्वस्त किए जाने के ठीक एक दिन बाद आया है।

## अग्रसेन बायोडेटा कमेटी की साप्ताहिक बैठक आयोजित



**हैदराबाद, 16 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

अग्रसेन बायोडेटा कमेटी की साप्ताहिक बैठक रविवार को सिकंदराबाद पान बाज़ार ऑफ़िस में आयोजित की गई। जिसमें अभिभावक गणों द्वारा बायोडेटा के आदान प्रदान किया गया। संस्थापक तथा चेयरमैन दुर्गाप्रसाद बंसल ने बताया कि पिछले छह वर्ष ग्यारह महीने में 1980 फ़ाइल क्लियर हो चुकी हैं। अग्रसेन बायोडाटा कमेटी में कम से कम 2000 बायोडाटा उपलब्ध है। हर रविवार को बैठक होती है जिसमें 40-50 अग्रबंधु आते हैं और इसका लाभ ले रहे हैं। बैठक में दुर्गा प्रसाद बंसल, पंकज कुमार संघी, संतोष देवी बंसल, संगीता गोयल, अरविंद गोयल, सुरेश अग्रवाल, सत्यनारायण अग्रवाल, विजय मित्तल, विनोद अग्रवाल, संजय अग्रवाल, प्रमोद खेतान, कमल अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, देवकीनंदन अग्रवाल, सुरेंद्र गाडिया, रमेश मित्तल, बजरंगलाल गर्ग, किशन मंडोलिया, अजय तुलस्यान आदि उपस्थित रहे।

## अग्रवाल समाज की मैरेज डेटा कमेटी की बैठक सम्पन्न




**हैदराबाद, 16 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

अग्रवाल समाज तेलंगाना की मैरेज डेटा कमेटी की वर्ष 2023-25 के कार्यकाल की 34वीं बैठक समाज के कार्यालय राघव रत्ना टॉवर, चिराग़अली में आयोजित की गई। कमेटी के चेयरमेन मुकुंद लाल अग्रवाल ने बताया कि बैठक में बालक एवं बालिकाओं के क़रीब 20 अभिभावक गण उपस्थित होकर नए बायोडेटा एवं उनके द्वारा दिए गये पहले के बायोडेटा के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। कमेटी द्वारा 2023-25 के इस कार्यकाल में पिछले 10 महीनों में 99 रिश्ते नक्की हुए। समाज की सभी शाखाओं के सदस्यों से आग्रह है कि समाज द्वारा जो निःशुल्क सेवा प्रदान की जा रही है उसका पूर्ण रूप से लाभ प्राप्त करें विशेषकर महिला शाख-ाओं से आग्रह है वे इस कार्य में अपना सहयोग प्रदान करें आपके सहयोग के बिना यह कार्य असंभव है।कमेटी की बैठक प्रातः 11 बजे से 1 बजे तक प्रति रविवार को अग्रवाल समाज के कार्यालय में होगी। सभी अग्रबंधुओं से इस सेवा का लाभ प्राप्त करने हेतु आग्रह है। आगामी बैठक रविवार 16 जून को होगी। रविवार की बैठक के अतिरिक्त चेयरमेन मुकुंद लाल अग्रवाल के निवास बंजारा हिल्स में भी उनके फ़ोन नंबर 9396222880 से संपर्क कर अन्य दिन भी अग्रबन्धु इस सेवा का लाभ ले सकते हैं। बैठक में मैरेज डेटा कमेटी के चेयरमेन मुकुंद लाल अग्रवाल, कन्विनर रमेश तुल्सीयान, वाइस चेयरमेन सतीश कुमार अग्रवाल, दीनबंधु अग्रवाल, गोविंद अग्रवाल, अक्युपंचर के डॉक्टर बालाकृष्ण सुरेखा एवं बालक बालिकाओं के अभिभावक गण आदि उपस्थित रहे।

## लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज हुआ भारतीय रेलवे का नाम

**हैदराबाद/नई दिल्ली, 15 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

देश के विभिन्न स्थानों पर आयोजित हुए सार्वजनिक सेवा कार्यक्रम में सर्वाधिक लोगों के एकत्रित होने को लेकर भारतीय रेलवे का नाम लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज हुआ है।

रेल मंत्रालय ने 26 फरवरी 2024 को एक कार्यक्रम आयोजित किया था जिसमें 2,140 स्थानों पर 40,19, 516 लोगों ने भाग लिया था। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा रेलवे पुलों के ऊपर/नीचे सड़क के उद्घाटन और रेलवे स्टेशनों की आधारशिला रखने के लिए आयोजित किया गया था। इस सफल कार्यक्रम के आयोजन को लेकर भारतीय रेलवे के व्यापक प्रयास और गतिशीलता को सराहा गया है और इसको लेकर भारतीय रेलवे के नाम को लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज किया गया है।







## ईद-उल-अजहा के लिए हैदराबाद में किए गए पुख्ता इंतजाम

**हैदराबाद, 16 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

सोमवार को मनाई जाने वाली ईद उल अजहा के के लिए तेलंगाना वक्फ बोर्ड द्वारा शहर के प्रमुख ईदगाहों में नमाज की सभी व्यवस्थाएं की गई हैं। अधिकारियों ने बहादुरपुरा में ईदगाह मीर आलम, मदन्नापेट में ईदगाह खादिम (पुराना), मासाब टैंक में ईदगाह बिलाली और अन्य महत्वपूर्ण स्थानों की साफ-सफाई कर उन्हें सजा दिया है जहां ईद की सामूहिक नमाज अदा की जाती है।

शनिवार की रात स्थानीय विधायक समेत जन प्रतिनिधियों, तेलंगाना वक्फ बोर्ड और पुलिस विभाग के अधिकारियों ने ईदगाह मीर आलम में नमाज के लिए की जा रही व्यवस्था का निरीक्षण किया। मवेशियों के परिवहन और बिक्री को लेकर राज्य के कुछ हिस्सों में हुई झड़पों के मद्देनजर पुलिस ने शहर में सुरक्षा बढ़ा दी है। ईदगाह मीर आलम में रैपिड एक्शन फोर्स, सिविल पुलिस, तेलंगाना स्पेशल पुलिस, सिटी आर्म्ड रिजर्व और टास्क फोर्स समेत करीब 1400 पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। इसी तरह, सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील इलाकों में किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए सशस्त्र पिकेट तैनात किए जा रहे हैं। डीसीपी (दक्षिण) स्नेहा मेहरा ने बताया कि ईद उल अजहा की नमाज के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है। सब कुछ शांतिपूर्ण है और किसी को भी अशांति फैलाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उधर बकरीद के लिए लगाए गए मवेशी बाजारों में भारी भीड़ उमड़ी। देर शाम तक जियागुड़ा, चंचलगुड़ा, जलपल्ली, पहाड़ीशरीफ, फलकनुमा, टो-लीचौकी में तेज कारोबार की खबर है।

# हैदराबाद में 164 किलो गांजा जब्त, छह गिरफ्तार

**हैदराबाद, 16 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** हैदराबाद पुलिस ने 164 किलोग्राम गांजा जब्त किया है और छह अंतरराज्यीय ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया है। विश्वसनीय सूचना पर कार्रवाई करते हुए, आयुक्त की टास्क फोर्स, दक्षिण पश्चिम जोन टीम के अधिकारियों ने हुमायूं नगर और भवानी नगर पुलिस स्टेशन की सीमा में ड्रग तस्करों को पकड़ा, जिनके पास 164 किलोग्राम वजन के भारी मात्रा में नशीले पदार्थ पाए गए।

कमिश्नर टास्क फोर्स की पुलिस उपायुक्त एस.रश्मि पेरुमल ने रविवार को मीडियाकर्मियों को बताया कि दोनों मामलों में 60 लाख रुपए की संपत्ति जब्त की गई है। हुमायूं नगर पुलिस स्टेशन से संबंधित पहले मामले में, टॉलीचौकी इलाके में पैरामाउंट कॉलोनी में तीन ड्रग तस्करों को पकड़ा गया और उनके पास से 100 किलोग्राम गांजा जब्त किया गया। कामारेड्डी जिले के मूल निवासी धारावत रवि को पहले महाराष्ट्र में एनडीपीएस मामले में गिरफ्तार किया गया था।




हाल ही में, उन्होंने ओडिशा के मुचुमपुट की यात्रा की, जहां उन्होंने गोविंद नाम के एक गांजा कृषक से 100 किलोग्राम मूल्य के 32 पैकेट गांजा खरीदा। रवि ने महाराष्ट्र के नांदेड़ के रहने वाले अपने दोस्तों सैयद बहादुर और आनंद रामजी कदम के साथ उसी गांजा को हुंडई एक्सेंट कार में लोड किया और हैदराबाद की ओर चले गए। विश्वसनीय सूचना पर कार्रवाई करते हुए, टास्क फोर्स ने हुमायूं नगर पुलिस स्टेशन की सीमा के भीतर पैरामाउंट कॉलोनी के पास आरोपी व्यक्तियों को पकड़ लिया।

दूसरे मामले में टास्क फोर्स ने भवानी नगर पुलिस स्टेशन की सीमा के तहत तीन लोगों को गिरफ्तार किया और 64 किलोग्राम गांजा जब्त किया। आरोपियों की पहचान शेख परवेज़, अब्दुल रवूफ़ और मोहम्मद अनवर के रूप में हुई। हैदराबाद का मूल निवासी शेख परवेज़ पहले दो एनडीपीएस मामलों में शामिल था, जिसमें आंध्र प्रदेश के रावुलापलेम में एक मामला भी शामिल था। पुलिस के अनुसार, जब परवेज राजमुंदरी जेल में था, तो उसकी मुलाकात गांजा की खेती करने वाले और तस्कर दीपक से हुई, जो ओडिशा के कालीमेला का मूल निवासी है। अप्रैल 2024 में जेल से रिहा होने पर, उसने गांजा बेचने और आसानी से पैसा कमाने की योजना बनाई। उसने दीपक से संपर्क किया जिसने अपने सहयोगियों के माध्यम से आरटीसी बसों में गांजा हैदराबाद पहुंचाया। विश्वसनीय सूचना पर कार्रवाई करते हुए, टास्क फोर्स टीम ने दो कारों और एक दोपहिया वाहन में आरोपी व्यक्तियों को पकड़ लिया।

# नीट परीक्षा में हुई गड़बड़ियों की गहन जांच की जाए : केटीआर

**हैदराबाद, 16 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** नीट परीक्षा के प्रबंधन को लेकर केंद्र की आलोचना करते हुए भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष के.टी. रामाराव ने रविवार को घटना की गहन जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि परीक्षा को लेकर भ्रम की स्थिति ने उन छात्रों और अभिभावकों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है जो अपने बच्चों को डॉक्टर बनते देखने का सपना देखते हैं।



उन्होंने इस रिपोर्ट के बावजूद केंद्र सरकार की निष्क्रियता की निंदा की कि बिहार में एनईईटी प्रश्नपत्र 30 लाख रुपए तक में बेचे गए थे, और कई गिरफ्तारियां पहले ही हो चुकी हैं। उन्होंने केंद्र सरकार पर शुरू से ही नीट प्रवेश परीक्षा के प्रति अपनी जिम्मेदारी को नजरअंदाज करने और ढुलमुल रवैया अपनाने का आरोप लगाया। केटीआर ने कहा कि प्रतिष्ठित एनईईटी परीक्षा को लेकर कई आरोपों और संदेह के बावजूद, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है, जो उन्हें अस्वीकार्य लगता है। उन्होंने सवाल किया कि प्रधानमंत्री, जो अक्सर छात्रों के साथ परीक्षाओं के बारे में चर्चा करते हैं, एनईईटी के महत्वपूर्ण मुद्दे पर चुप क्यों हैं।

एनडीए सरकार को लिखे अपने खुले पत्र में केटीआर ने पूरे मामले की गहन जांच और जिम्मेदार पाए गए लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। उन्होंने छात्रों और उनके अभिभावकों को आश्वासन देने का भी आह्वान किया। केटीआर ने एनईईटी में 67 छात्रों द्वारा प्रथम रैंक हासिल करने के अभूतपूर्व परिदृश्य पर प्रकाश डाला, जिसने कई संदेह पैदा किए। उन्होंने कहा कि एक ही केंद्र के आठ छात्रों में से प्रत्येक ने 720 अंक प्राप्त किए, जो पेपर लीक के एक महत्वपूर्ण स्तर का संकेत देता है। उन्होंने याद दिलाया कि एक अंक का अंतर भी छात्रों की रैंकिंग बदल सकता है और परिणामस्वरूप कई अवसर खो सकते हैं। केटीआर ने सवाल उठाया कि एक केंद्र से इतने सारे छात्र इतने उच्च अंक कैसे प्राप्त कर सकते हैं और चुनाव परिणाम से 10 दिन पहले परिणामों की घोषणा की आलोचना की, जिससे संदेह और बढ़ गया। उन्होंने स्थिति की गंभीरता सामने आने के बावजूद कार्रवाई नहीं करने पर केंद्र सरकार से स्पष्टीकरण की मांग की। उन्होंने सब कुछ ठीक-ठाक होने का दावा करके मामले को रफा-दफा करने की कोशिश करने के लिए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की भी आलोचना की। बीआरएस नेता ने इस बात पर जोर दिया कि छात्रों की कई शिकायतों के बावजूद केंद्र सरकार ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। यहां तक कि सुप्रीम कोर्ट में मामले दायर करने वाले प्रमुख व्यक्तियों ने भी केंद्र से स्पष्टीकरण नहीं मांगा। उन्होंने आश्चर्य व्यक्त किया कि केंद्र सरकार ने इस मुद्दे को तब तक नजरअंदाज किया जब तक कि सुप्रीम कोर्ट ने हस्तक्षेप नहीं किया और नोट किया कि राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) ने सवाल करने पर असामान्य प्रतिक्रियाएं दीं। इस साल एनईईटी में 1,563 छात्रों को ग्रेस मार्क्स देने की भी केटीआर ने आलोचना की, जिन्होंने बताया कि ग्रेस मार्क्स की प्रथा आमतौर पर एनईईटी जैसी परीक्षाओं में लागू नहीं होती है। उन्होंने इन अंकों को देने के लिए इस्तेमाल किए गए मानदंडों पर स्पष्टता की मांग की और मामले को संभालने के एनटीए के तरीके पर सवाल उठाया।

केटीआर ने पेपर लीक के आरोपों की व्यापक जांच की मांग की और इसमें शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह मुद्दा नीट तक ही सीमित नहीं है, बल्कि एनटीए की देखरेख में आयोजित होने वाली कई प्रतियोगी परीक्षाओं को प्रभावित करता है, जिससे छात्रों के बीच विश्वास की कमी हो सकती है। केटीआर ने भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए कड़े कदम उठाने का आह्वान किया और आश्वस्त किया कि बीआरएस इन अनियमितताओं से प्रभावित छात्रों के अधिकारों के लिए लड़ेगा।

# बच्ची की हत्या करने वाले दरिंदे को फांसी दी जाए : हरीश बाबू

**कागजनगर,16 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** कागजनगर दहेगाम मंडल के चिन्नारी सहस्र की नृशंस हत्या के विरोध में रविवार को शहर के राजीव गांधी चौराहे पर मोमबत्ती जुलूस का आयोजन किया गया। इस मौके पर सिरपुर टी विधायक डॉ. पलवई हरीश बाबू ने कहा कि समाज को ऐसे हैवानों से छुटकारा पाने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाकर आरोपियों को फांसी देने की जरूरत है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार को सहस्र परिवार के सदस्यों का समर्थन करना चाहिए।




### पेद्दापल्ली में नाबालिग बच्ची से बलात्कार और हत्या का मामला

# आरोपी को फास्ट-ट्रैक कोर्ट का सामना करना पड़ेगा : सीतक्का

**पेद्दापल्ली, 16 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** महिला एवं बाल कल्याण मंत्री सीतक्का ने रविवार को कहा कि एक नाबालिग लड़की से बलात्कार और हत्या मामले के आरोपी को फास्ट-ट्रैक कोर्ट का सामना करना पड़ेगा। घटना को जघन्य बताते हुए मंत्री ने कहा कि इसी तरह की घटना हैदराबाद के सिंगरेनी कॉलोनी में भी हुई थी। ऐसे घिनौने कृत्यों में नशीली दवाओं और गांजे के आदी लोग शामिल थे।

इसलिए राज्य सरकार तेलंगाना को नशीली दवाओं और गांजा मुक्त राज्य बनाने के लिए प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी इस दिशा में कदम उठा रहे हैं। सीतक्का ने उद्योग और आईटी मंत्री डी श्रीधर बाबू, पेद्दापल्ली सांसद जी वामशिकृष्ण, विधायक चौधरी विजयरमण राव, मक्कन सिंह राज ठाकुर के साथ रविवार को उस स्थान का दौरा किया, जहां कटनापल्ली के पास एक चावल मिल कर्मचारी ने छह वर्षीय लड़की के साथ गुरुवार रात्रि बलात्कार किया था और उसकी हत्या कर दी थी।

सीतक्का ने कहा कि स्थिति ऐसी है कि महिलाओं के लिए कोई सुरक्षा नहीं है, भले ही वे



अपने माता-पिता के साथ हों। नाबालिग लड़की को आरोपी उस समय उठा ले गया जब वह अपने माता-पिता के साथ सो रही थी और उसके साथ बलात्कार किया गया और उसकी हत्या कर दी गई। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पीड़िता के माता-पिता को हरसंभव सहायता देगी। मंत्री श्रीधर बाबू ने आसिफाबाद कलेक्टर से बात की और हर तरह की सहायता मुहैया कराने का निर्देश दिया। सीतक्का ने कहा, पेद्दापल्ली कलेक्टर को भी परिवार की मदद करने का निर्देश दिया गया है। श्रीधर बाबू ने कहा कि पीड़िता के पिता का फोन आने के बाद एसीपी पांच मिनट के भीतर पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और लड़की की तलाश की। हालांकि पुलिस एक घंटे के भीतर लड़की के साथ-साथ आरोपी को भी ढूंढने में कामयाब रही, लेकिन दुर्भाग्य से, तब तक लड़की की मौत हो चुकी थी।

# अग्र महिला मंच तेलंगाना का वार्षिकोत्सव 19 जून को

**हैदराबाद, 16 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** मंच की कार्यकारणी सभा सदस्या सपना अग्रवाल के निवास स्थान दोमलगुड़ा पर आयोजित की गई। मंच की अध्यक्षा दीपा गर्ग ने बताया कि मंच का एजीएम 19 जून बुधवार को पूर्वान्ह 11.30 से सिकंदराबाद स्थित अग्रवाल समाज बैंक्वेट हॉल में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कंचन अग्रवाल (उप मंत्राणि अग्रवाल समाज) रहेंगी।



प्रथम अर्ली बर्ड गेम खेल रहेगा, अन्य मनोरंजक खेलों के

अतिरिक्त तंबोला भी खिलाया जायेगा। कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा संचालित एक महत्वपूर्ण नाटिका भी प्रस्तुत की जाएगी।

मंच द्वारा स्वादिष्ट भोजन का भी प्रावधान रहेगा। इस अवसर पर नया सदस्यता अभियान आरम्भ किया जाएगा, जो अग्रवाल बहने इसमें जुड़ना चाहती हैं वे 1100 रुपए वार्षिक शुल्क जमा कर अग्र महिला मंच की सदस्यता ग्रहण कर सकती हैं।

इस सभा में मंत्राणी अंजू गोयल, सीमा पंसारी, मंजू केजरीवाल, मधु गोयल, सीमा गर्ग, संगीता देवड़ा, संजीता अग्रवाल एवं प्रभावती ने उपस्थित रहकर कार्यक्रम के लिए सहयोग दिया और मंच के वर्ष 2023-2024 के आय व्यय का ब्योरा अंजू गोयल ने प्रस्तुत किया गया जिसे उपस्थित सदस्यों ने सहर्ष अपनी स्वीकृति प्रदान की। सीमा गर्ग के धन्यवाद से सभा का समापन हुआ।



**गौ सेवा मित्र मंडल द्वारा श्री समर्थ कामधेनु गौशाला जियागुड़ा में निर्जला एकादशी (आम ग्यारस) के अवसर पर गौ सेवा की गई। जिसमें मनोज अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, यश अग्रवाल, अजय गुप्ता, महेश अग्रवाल, अमन सारडा, नितीश अग्रवाल, सौरभ सारडा एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।**



**फादर्स डे के अवसर पर अग्रवाल समाज मैरेज डेटा कमेटी के चेयरमैन मुकुंद लाल अग्रवाल का सम्मान कर केक कटवाते उनके पुत्र गण नटवर अग्रवाल, राधे अग्रवाल, रामा अग्रवाल एवं आशीष अग्रवाल। अवसर पर परिवार के सभी सदस्य गण उपस्थित रहे।**

# बी सत्यप्रसाद ने जिला कलेक्टर का पदभार संभाला

**जगतियाल, 16 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** बी सत्यप्रसाद ने रविवार को जिले के नए कलेक्टर के रूप में कार्यभार संभाला। राज्य में कलेक्टरों के तबादलों के बीच शेख यास्मीन बाशा का तबादला कर दिया गया और उनके स्थान पर सरकार ने बी सत्य प्रसाद को नया कलेक्टर नियुक्त किया है। बी सत्यप्रसाद ने रविवार को पदभार ग्रहण किया। इसके बाद विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों ने नए कलेक्टर को फूल-मालाएं भेंट कर बधाई दी। इस मौके पर अपर कलेक्टर (राजस्व) पी. रामबाबू, राजस्व अनुविभागीय अधिकारी पी. मधुसूदन, आनंद कुमार एवं विभिन्न विभागों के जिला पदाधिकारी मौजूद रहे।





**बेगम बाजार नगार खाना स्थित बटुक भैरवनाथ जयंती के अवसर रविवार को पंडित वासु पाराशर के द्वारा भव्य पूजा अर्चना की गई। दिन भर भक्तों का तांता लगा रहा इस। अवसर पर भक्तों ने दर्शन और प्रसाद का लाभ लिया। पूजा-अर्चना के समय पर जुगल किशोर शर्मा, रामदेव नागला, संदीप जायलवाल भरत कुमार शर्मा, श्रीराम शर्मा, बाबुल सिंह, मीत शर्मा उपस्थति रहे।**

# नारा लोकेश ने मंगलागिरी में लगाया प्रजा दरबार, सुनीं लोगों की समस्याएं

**विजयवाड़ा, 16 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** आंध्र प्रदेश के आईटी, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं शिक्षा मंत्री नारा लोकेश ने रविवार को अपने मंगलागिरी निर्वाचन क्षेत्र के लोगों को आश्वासन दिया कि वह हमेशा उनके साथ खड़े रहेंगे।

श्री लोकेश अपने गृह निर्वाचन क्षेत्र के लोगों की समस्याओं के बारे में जानने के लिए रविवार को लगातार दूसरे दिन प्रजा दरबार में शामिल हुए। यहां बड़ी संख्या में एकत्र हुए लोगों ने मंत्री को अपनी समस्याएं बताईं। आंध्र प्रदेश वेगु टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने मंत्री से अपील की कि 2,193 कर्मचारियों की सेवाएं, जो अब तक अनुबंध के आधार पर थीं, उन्हें नियमित किया जाए। वुंडावल्ली की एक आंगनवाड़ी सहायिका



कोलानुकोंडा राजेश्वरी ने मंत्री नारा लोकेश को सूचित किया कि पिछली सरकार ने उन्हें पदोन्नति नहीं दी और उनसे उनकी पदोन्नति फ़ाइल को मंजूरी देने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश देने का अनुरोध किया। प्रजा दरबार के दौरान एक छात्र जगदीश ने मंत्री से नुजविद कॉलेज को फीस प्रतिपूर्ति बकाया चुकाने के लिए कदम उठाने की अपील की ताकि उसे कॉलेज से अपना पॉलिटेक्निक प्रमाणपत्र वापस मिल सके। आचार्य नागार्जुन विश्वविद्यालय के गैर-शिक्षण कर्मचारी चाहते थे कि उनकी रिटायरमेंट की उम्र 62 वर्ष की जाए। जबकि, मंगलागिरी की शेख नाजिना अपने पांच महीने के भतीजे के लिए वित्तीय सहायता चाहती थी, जो एक दुर्लभ बीमारी से पीड़ित है। ताडेपल्ली के के. किरण बाबू अपने और अपनी बहन मोनिका के लिए एमबीए पूरा करने के बाद रोजगार मांगने आए।

ताडेपल्ली निवासी दिव्यांग छात्र बी. श्रीनिवास राव ने मंत्री लोकेश के सामने अपील करते हुए कहा कि वह अब 40 वर्ष के हो चुके हैं, लेकिन उन्हें अब तक किसी भी प्रकार का रोजगार नहीं मिला है। वह चाहते हैं कि उन्हें किसी प्रकार की आजीविका उपलब्ध कराई जाए। मंत्री ने समस्याओं के शीघ्र समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने का वादा किया।

# तेलंगाना में एक अगस्त से लागू होगा नया संपत्ति रजिस्ट्रेशन शुल्क

**हैदराबाद, 16 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** राज्य में कृषि और गैर-कृषि भूमि और संपत्तियों के लिए नए पंजीकरण शुल्क 1 अगस्त से लागू होंगे। यह निर्णय तेलंगाना सरकार ने राजस्व को बढ़ाने के लिए जमीन के मार्केट वैल्यू को संशोधित करने के हाल के फैसले के बाद लिया है।

दिसंबर 2023 में कांग्रेस के सत्ता में आने के बाद भूमि मूल्य और पंजीकरण शुल्क में यह पहली बढ़ोतरी होगी। स्टाम्प और पंजीकरण विभाग ने वर्तमान मूल्य का अध्ययन करने और तदनुसार नए पंजीकरण शुल्क तय करने के लिए इसे संशोधित करने के लिए एक कार्य योजना शुरू की है। विभाग 18 जून को अतिरिक्त कलेक्टरों और राजस्व मंडल अधिकारियों (आरडीओ) के साथ बैठक के बाद इस संबंध में जमीनी काम शुरू करेगा।



स्टाम्प एवं पंजीयन विभाग ने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में बाजार मूल्यों में संशोधन के लिए दिशा-निर्देश जारी किये हैं। चरणबद्ध तरीके से विश्लेषण के बाद 1 जुलाई को नए पंजीकरण शुल्क तय किए जाएंगे। इसके बाद कुछ दौर की जांच के बाद अंतिम बाजार मूल्य तय किया जाएगा। मंडल और जिला स्तर पर समितियों के अध्ययन के बाद एक अगस्त से नया बाजार मूल्य लागू होगा। स्टांप एवं पंजीकरण विभाग राजस्व, नगर प्रशासन, पंचायत राज और सर्वेक्षण विभाग के अधिकारियों के साथ भी बैठक करेगा। 1 जुलाई को संशोधित मूल्यों को वेबसाइट पर पोस्ट करने के बाद विभाग 20 जुलाई तक लोगों से सुझाव और आपत्तियां मांगेगा। संशोधित मूल्यों को तय करने की कवायद 31 जुलाई तक पूरी हो जाएगी और 1 अगस्त से संशोधित दरें लागू हो जाएंगी। मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने पिछले महीने विभाग को भूमि के बाजार मूल्य को संशोधित करने के लिए कदम उठाने का निर्देश दिया था।

बैठक में यह बात सामने आई कि प्रदेश भर में जमीन की दरों में भारी बढ़ोतरी हुई है, लेकिन स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन विभाग की आय उस हिसाब से नहीं बढ़ी है।

अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया था कि इसका मुख्य कारण जमीन के बाजार मूल्य और वास्तविक बिक्री मूल्य के बीच असमानता है। पिछली भारत राष्ट्र समिति सरकार ने 2021 में भूमि मूल्य और पंजीकरण शुल्क में वृद्धि की थी, लेकिन बैठक में बताया गया कि कई स्थानों पर भूमि के बाजार मूल्य और बिक्री मूल्य के बीच अभी भी भारी अंतर है।

हालांकि नियमानुसार जमीन का बाजार मूल्य हर साल संशोधित किया जाना है, लेकिन इसका पालन नहीं हो रहा है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कीमतों में संशोधन के लिए कदम उठाने का निर्देश दिया था। रेवंत रेड्डी ने अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने के लिए कहा था कि बाजार मूल्यों का संशोधन वैज्ञानिक रूप से निर्धारित किया जाना चाहिए और स्टांप और पंजीकरण विभाग के नियमों का सख्ती से पालन किया जाना चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि जमीन की बाजार कीमतों को इस तरह संशोधित किया जाना चाहिए कि इससे राज्य के राजस्व को बढ़ावा देने के साथ-साथ रियल एस्टेट और निर्माण क्षेत्र को बढ़ावा मिले।

# नई स्थानांतरण नीति में दिव्यांग कार्मिकों को मिलेगी विशेष राहत

**लखनऊ, 16 जून (एजेंसियां)।** योगी सरकार ने अपनी स्थानांतरण नीति 2024-25 में दिव्यांगों को विशेष रूप से राहत प्रदान की है। नीति के तहत निर्धारित प्रावधानों के अनुसार दिव्यांग कार्मिकों या ऐसे कार्मिक जिनके आश्रित परिवारीजन 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता से प्रभावित हों को सामान्य स्थानांतरण से मुक्त रखा जाएगा। ऐसे दिव्यांग कार्मिकों के स्थानांतरण गंभीर शिकायतों या अपरिहार्य कारणों से ही किए जाएंगे। यही नहीं, दिव्यांग कार्मिक के द्वारा अनुरोध किए जाने पर पद की उपलब्धता के आधार पर उसे उनके गृह जनपद में तैनात करने पर विचार किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि लोकसभा चुनावों के बाद पहली कैबिनेट बैठक में योगी सरकार ने नई स्थानांतरण नीति 2024-25 को मंजूरी प्रदान की है। इस नीति में विशेष परिस्थितियों में स्थानांतरण में कई तरह की राहत भी प्रदान की गई हैं।

नई स्थानांतरण नीति में विशेष परिस्थितियों में स्थानांतरण के लिए विशेष प्रक्रिया निर्धारित की गई है। इसके अनुसार मंदित बच्चों, चलन क्रिया से प्रभावित दिव्यांग बच्चों के माता-पिता की तैनाती अधिकृत सरकारी चिकित्सक के प्रमाण पत्र के आधार पर विकल्प प्राप्त करके ऐसे स्थान पर की जा सकेगी, जहां चिकित्सा की समुचित व्यवस्था उपलब्ध हो या जहां से उनकी उचित देखभाल हो सके। इसके अलावा किसी अधिकारी/कर्मचारी के व्यक्तिगत कारणों जैसे चिकित्सा या बच्चों की शिक्षा, शासकीय सेवा के दौरान मृत माता या पिता के अवयस्क बच्चों के पालन पोषण, देखभाल के आधार पर स्थान रिक्त होने या दूसरे अधिकारी/कर्मचारी के सहमत होने पर स्थानांतरण या समायोजन किया जा सकेगा बशर्ते कि उस पर कोई प्रशासनिक आपत्ति न हो।नई नीति के अनुसार यदि पति और पत्नी दोनों सरकारी सेवा में हों तो उन्हें यथा संभव एक ही जनपद, नगर या स्थान पर तैनात करने के लिए स्थानांतरण किया जा सकेगा। इसी तरह 2 वर्ष में सेवानिवृत्त होने वाले समूह ग एवं घ के कार्मिकों को उनके गृह जनपद एवं समूह क एवं ख के कार्मिकों को उनके गृह जनपद को छोड़ते हुए इच्छित जनपद में तैनात करने पर विचार किया जाएगा। इसके पूर्व में उस मंडल या जनपद में उसकी तैनाती अवधि को संज्ञान में नहीं लिया जाएगा। इसके अलावा प्रोन्नति, सेवा समाप्ति, सेवानिवृत्ति आदि स्थितियों में प्राप्त रिक्त पदों पर स्थानांतरण किए जा सकेंगे। यदि किसी कार्मिक को प्रोन्नति के उपरांत किसी अन्य स्थान पर रिक्त पदों के सापेक्ष नियुक्त किया जाता है तो इस प्रक्रिया को स्थानांतरण नीति से आच्छादित नहीं माना जाएगा तथा प्रोन्नति के बाद रिक्त पदों पर तैनाती, नियुक्ति प्राधिकारी के स्तर से की जाएगी। हालांकि यह सुनिश्चित किया जाएगा कि इस प्रकार के स्थानांतरण पारदर्शी व वस्तुनिष्ठ सिद्धांत के अनुसार हों।

भारत सरकार द्वारा घोषित प्रदेश की आकांक्षी जिला योजना से संबंधित 8 जिले (चित्रकूट, चंदौली, सोनभद्र, फतेहपुर, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर, श्रावस्ती व बहराइच) एवं प्रदेश के घोषित 100 आकांक्षी विकासखंडों में प्रत्येक विभाग द्वारा प्रत्येक दशा में समस्त पदों पर तैनाती करके संतृप्त किया जाएगा। इन आकांक्षी जिलो एवं बुंदेलखंड के सभी जनपदों के साथ ही 34 जनपदों के 100 आकांक्षी विकास खंडों में तैनात कार्मिकों को स्थानांतरण के बाद उनके नियंत्रक प्राधिकारियों द्वारा तब तक अवमुक्त नहीं किया जाएगा जब तक कि उनके प्रतिस्थानी द्वारा कार्यभार ग्रहण न कर लिया जाए। यह प्रतिबंध आईएएस, आईपीएस, आईएफएस, पीसीएस एवं पीपीएस अधिकारियों पर लागू नहीं होगा।

# आजमगढ़ में फॉरेंसिक लैब और हाथरस में बनेगा नया जिला कारागार

**लखनऊ, 16 जून (एजेंसियां)।** उत्तर प्रदेश की उन्नति का मार्ग प्रशस्त कर उसे उत्तम प्रदेश बनाने के सपने को हकीकत की शक्ल दे रही योगी सरकार प्रदेश के समेकित विकास के लिए लगातार कार्यरत है। एक ओर, प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाने के लिए महत्वाकांक्षी लक्ष्य की ओर उत्तर प्रदेश ने सीएम योगी के मार्गदर्शन में कदम बढ़ा दिए हैं, वहीं प्रदेश में उत्तम नागरिक सुविधाएं व वर्ल्ड क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने की दिशा में भी विस्तृत कार्ययोजना के अंतर्गत कार्य हो रहा है। वहीं, प्रदेश को अपराध मुक्त बनाने की दिशा में प्रयासरत तथा प्रदेश में क्राइम कल्चर पर नकेल कसने में कामयाब हुई योगी सरकार ने अब आजमगढ़ में फॉरेंसिक लैब तथा हाथरस में नए जिला कारागार के निर्माण की प्रक्रिया में तेजी लाई है। योगी सरकार द्वारा योजना विभाग की टेक्निकल सेल को इस कार्य को पूरा कराने का जिम्मा सौंपा गया है। उल्लेखनीय है कि आजमगढ़ में 39 करोड़ रुपए से ज्यादा लागत से फॉरेंसिक लैब तथा हाथरस में 146 करोड़ रुपए से ज्यादा लागत से नए जिला कारागार का निर्माण होना है, ऐसे में इन सभी कार्यों को तय समयावधि में पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए इस पर योगी सरकार का विशेष फोकस है।



योजना विभाग की टेक्निकल सेल द्वारा इन कार्यों को पूरा करने के लिए प्रोजेक्ट मैनेजमेंट कन्सल्टेंट (पीएमसी) एजेंसी के निर्धारण के प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। परियोजना के अंतर्गत होने वाले सभी निर्माण कार्य इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट व कंस्ट्रक्शन (ईपीसी) माध्यम से पूर्ण किए जा रहे हैं। ऐसे में, पीएमसी एजेंसी के निर्धारण के जरिए परियोजना के अंतर्गत होने वाले सभी निर्माण की गुणवत्ता व प्रगति को सुनिश्चित करने और निर्धारित समयावधि में पूरा करने में मदद मिलेगी। इस प्रक्रिया की पूर्ति के लिए रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरपीएफ) माध्यम के जरिए आवेदन मांगे गए हैं। दोनों ही परियोजनाओं की पूर्ति के लिए नियुक्त होने वाली पीएमसी एजेंसी को कई महत्वपूर्ण कार्यों को पूर्ण करना होगा। एक ओर, जहां आजमगढ़ में निर्माणाधीन फॉरेंसिक लैब के निर्माण संबंधी आर्किटेक्चरल डिजाइन को कार्यावंटन के उपरांत पीएमसी एजेंसी को 75 दिनों में पूरा करना होगा। आर्किटेक्चरल डिजाइन के पूरा हो जाने के बाद सभी निर्माण कार्यों को 18 महीने में पूरा कर लिया जाएगा। पूरी कार्यावधि के दौरान 36 महीने का डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड निर्धारित किया गया। इसी प्रकार, हाथरस में निर्माणाधीन नवीन जिला कारागार के लिए कार्यावंटन प्राप्त करने वाली पीएमसी एजेंसी को ये सुनिश्चित करना होगा कि 18 महीनों में सभी निर्माण कार्यों को पूरी गुणवत्ता अनुरूप पूरा कर लिया जाए। इस दौरान पीएमसी एजेंसी को सुपरविजन एजेंसी के तौर पर कार्य करना होगा तथा परियोजना के अंतर्गत 36 महीने का डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड निर्धारित किया गया है।

पीएमसी एजेंसी को दोनों ही परियोजना के अंतर्गत होने वाले सभी निर्माण कार्यों की रिपोर्टिंग व मॉनिटरिंग प्रक्रिया को पूरा करना होगा। उसे ये सुनिश्चित करना होगा कि दोनों ही परियोजनाओं में इस दौरान रचनात्मक इनडोर स्पेस के निर्माण, उचित स्थान नियोजन के साथ ही यहां की जरूरतों के अनुसार विभिन्न कार्यात्मक आवश्यकताओं को पूर्ण किया जाए। कम रखरखाव के साथ ही उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए विद्युत, यांत्रिक और अन्य सेवाओं के एकीकृत डिजाइन पर काम करना होगा। पर्यावरण के मानकों के पालन के साथ ही हरित भवन, उत्तम वेंटिलेशन, जलवायु अनुकूल वास्तुकला, अपशिष्ट जल पुनर्चक्रण, जल संरक्षण और वर्षा जल संचयन के साथ जल और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन जैसी तमाम प्रक्रियाओं को भी एजेंसी की देखरेख में पूर्ण किया जाएगा।

# 31 वर्ष बाद अयोध्या में हटाए गए कई यातायात प्रतिबंध

## पर सुरक्षा जांच और चौकसी पहले की तरह जारी रहेगी

**अयोध्या, 16 जून (एजेंसियां)।** अयोध्या में ढांचा विध्वंस के करीब 31 वर्ष बाद यातायात प्रतिबंध की बेड़ियों को काफी हद तक हटा दिया गया है। टेढ़ी बाजार चौराहे से बैरियर हटा दिया गया है। यहां से राम जन्मभूमि पथ के पास श्रीराम अस्पताल तक चार पहिया वाहनों को प्रवेश मिलने लगा है। रामघाट चौराहे पर भी अब वाहनों को नहीं रोका जाएगा।

अयोध्या में प्रमुख पर्वों के साथ ही शनिवार व रविवार को श्रद्धालुओं की अधिक भीड़ होती है। इस दौरान यातायात प्रतिबंधों का दंश स्थानीय लोगों के साथ ही पूरे देश से आने वाले श्रद्धालु भी झेल रहे थे।

शनिवार को इनमें काफी ढील दी गई। इससे सबसे ज्यादा राहत रामकोट वासियों को मिली। पहले टेढ़ी बाजार व गोकुल भवन बैरियर पार कर वही वाहन जाते थे, जिन्हें विशेष अनुमति होती थी या फिर जिनके पास यलो जोन का पास होता था लेकिन, अब टेढ़ी बाजार से चार पहिया वाहन सीधे कटरा, अशर्फी भवन होते हुए रामपथ पर पहुंच सकते हैं। रामघाट चौराहे से भी चार पहिया वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित था लेकिन, यहां भी सुगम आवाजाही शुरू हो गई।

वहीं, उनवल बैरियर से राम जन्मभूमि की ओर चार पहिया वाहनों का प्रवेश अब भी प्रतिबंधित है। एसपी सिटी मधुबन सिंह ने बताया कि श्रद्धालुओं व स्थानीय निवासियों की सुविधा के लिए प्रतिबंधों में कुछ ढील दी गई है। सुरक्षा मानकों के अनुसार जांच और चौकसी पहले की तरह ही रहेगी।

# औद्योगिक गलियारों के लिए खरीदी जा रही जमीन

## 7300 करोड़ की लागत से सरकार खरीदेगी जमीन

**लखनऊ, 16 जून (एजेंसियां)।** यूपी के पांच एक्सप्रेस-वे के किनारे 29 जिलों में इंडस्ट्रियल कॉरिडोर बनाए जा रहे हैं। यूपीडा को इसकी जिम्मेदारी दी गई है। एक्सप्रेस-वे के किनारे बनने वाले कॉरिडोर के लिए जमीन अधिग्रहण पर 7300 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इस रकम से 5568 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण तेजी से किया जा रहा है। करीब 1700 हेक्टेयर जमीन ले ली गई है। इसकी रफ्तार से साफ है कि प्रदेश के लिए औद्योगिक विकास का एक्सप्रेस-वे जल्द मूर्त रूप लेगा।उत्तर प्रदेश में गंगा एक्सप्रेस-वे, बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे, आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे, पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे और गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे के किनारे इंडस्ट्रियल कॉरिडोर बनाए जा रहे हैं। ये कॉरिडोर इन पांच एक्सप्रेस-वे से लगे 29 जिलों में विकसित होने हैं। सबसे ज्यादा 11 औद्योगिक शहर कॉरिडोर गंगा एक्सप्रेस-वे के किनारे बसेंगे। दूसरे नंबर पर 6 औद्योगिक शहर बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे और पूर्वांचल एक्सप्रेस के किनारे विकसित होंगे। तीसरे नंबर पर चार शहरों के साथ आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे है। गोरखपुर में दो औद्योगिक शहरों को विकसित किया जाएगा। 23 जिलों के 84 गांवों को पहले ही अधिसूचित कर किया जा चुका है। इन औद्योगिक शहरों में फार्मा पार्क, टेक्सटाइल पार्क, वेयर हाउस, लॉजिस्टिक, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, होजरी, फूड प्रोसेसिंग, दुग्ध प्रसंस्करण, दवा, आईटी पार्क, भारी उद्योगों और मशीनरी को बसाया जाएगा।

# आयोग ने नाबालिग बच्ची के साथ दुर्व्यवहार की घटना पर स्वत: संज्ञान लिया

**हैदराबाद, 16 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग (टीजीएससीपीसीआर) ने शनिवार को पेद्दापल्ली जिले के कटनापल्ली गांव में एक नाबालिग लड़की के यौन शोषण की घटना पर स्वत: संज्ञान लिया।

आयोग के अध्यक्ष जे श्रीनिवास राव ने आज विभिन्न दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित बाल यौन शोषण की खबरों के जवाब में स्वत:संज्ञान लिया। आयोग ने पेद्दापल्ली जिला कलेक्टर को संबंधित अधिकारियों को सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर मामले की जांच करने और तुरंत उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। आयोग ने संबंधित अधिकारियों से जल्द से जल्द कार्रवाई रिपोर्ट भेजने को भी कहा है।

# मेदक में दो समुदायों के बीच झड़प के बाद बाजार बंद

## सुरक्षा के कड़े प्रबंध, अतरिक्त पुलिस बल तैनात



**मेदक, 16 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना में पशु वध को लेकर दो समूहों के बीच झड़प के बाद मेदक शहर रविवार को बंद रहा। पुलिस सूत्रों ने बताया कि सभी व्यापारिक एवं वाणिज्यिक परिसर स्वेच्छा से बंद हो गए और हिंसा को रोकने के लिए पुलिस को तैनात किया गया। अधिकारी स्थिति पर करीब से नजर रख रहे हैं। उन्होंने बताया कि शनिवार दोपहर को एक समूह ने बकरीद के मौके पर मेदक शहर में पशु वध के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

पुलिस को बंगला तालाब के पास गायों के बारे में शिकायत मिली थी जिन्हें कथित तौर पर वध के लिए लाया गया था। नरसिखेड में जब सर्कल इंस्पेक्टर (सीआई) गायों के बारे में सूचना दे रहे थे, तभी एक समुदाय के एक व्यक्ति ने दूसरे समुदाय के एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इससे दो गुटों के बीच पथराव होने से कस्बे में तनावपूर्ण माहौल बन गया। आंदोलनकारियों ने एक निजी अस्पताल की कार को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया। घटना के बाद भाजपा जिला अध्यक्ष गद्दाम श्रीनिवास ने रविवार को शहर में बंद का आह्वान किया। पुलिस ने क्षेत्र में सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए श्रीनिवास, नगर अध्यक्ष नयनी प्रसाद और संघर्षरत समुदायों के दोनों पक्षों के कई अन्य नेताओं को हिरासत में ले लिया।

केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंडी संजय कुमार ने घटना की जानकारी ली और तेलंगाना पुलिस अधिकारियों से अशांति फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने निर्दोष व्यक्तियों के खिलाफ अवैध मामले दर्ज किए बिना निष्पक्ष कानून प्रवर्तन और पीड़ितों की सुरक्षा पर जोर दिया। इस बीच

पुलिस महानिरीक्षक ए. वी. रंगनाथ शहर की स्थिति पर नजर रख रहे हैं। उन्होंने लोगों से शांति बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने की अपील की। उन्होंने चेतावनी दी कि शांति एवं सौहार्द बिगाड़ने वाले उपद्रवियों को बख्शा नहीं जाएगा। आईजी एवी रंगनाथ ने कहा कि उन्होंने हंगामा करने वाले लोगों की पहचान कर ली है क्योंकि उनके पास वीडियो सबूत हैं। उन्होंने कहा कि वे जल्द ही उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेंगे। आईजी ने कहा कि उन्होंने भारी पुलिस बल तैनात करके स्थिति को सामान्य कर लिया है। झड़प के दौरान एक व्यक्ति को चाकू मारने वाले व्यक्ति के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। इस बीच, भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष के. टी. राम ने रविवार को कहा कि तेलंगाना पिछले साढ़े नौ वर्षों से किसी भी सांप्रदायिक हिंसा के बिना शांतिपूर्ण है। अब कांग्रेस सरकार में न तो कोई कानून है और न ही कोई आदेश। यह वास्तव में शर्मनाक है कि एक शांतिपूर्ण शहर मेदक, जहां अतीत में कभी कोई सांप्रदायिक गतिविधि नहीं हुई थी, अब गंदगी में तब्दील हो गया है। उन्होंने मजलिस बचाओ तहरीक (एमबीटी) के नेता अमजद उल्लाह खान की पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए एक्स पर पोस्ट किया, जिसमें आरोप लगाया गया है कि मेदक पुलिस मूकदर्शक थी। खान ने आरोप लगाया कि जब से ए रेवंत रेड्डी ने मुख्यमंत्री के रूप में कार्यभार संभाला है, सांप्रदायिक तत्वों को मुसलमानों पर हमला करने और उनकी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की खुली छूट दी गई है और पुलिस मूकदर्शक बनी हुई है।

# 30 जून तक कम से कम छह खनिज ब्लॉकों की नीलामी करे तेलंगाना सरकार : केंद्र



**हैदराबाद/नई दिल्ली, 16 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** खान मंत्रालय ने तेलंगाना सरकार द्वारा पिछले नौ साल में एक भी खनिज ब्लॉक की नीलामी नहीं कर पाने को लेकर चिंता जताई है। मंत्रालय ने राज्य सरकार को इस महीने के अंत तक कम से कम छह खानों की बिक्री करने के निर्देश दिए हैं। सूत्रों के अनुसार, नीलामी के लिए 11 ब्लॉक की भूवैज्ञानिक रिपोर्ट तेलंगाना सरकार को सौंप दी गई है। इनमें पांच लौह अयस्क खदानें, पांच चूना पत्थर ब्लॉक और एक मैंगनीज ब्लॉक शामिल हैं।

आज तक तेलंगाना द्वारा एक भी ब्लॉक नीलामी के लिए नहीं रखा गया है, जबकि खान मंत्रालय ने राज्य सरकार को बार-बार इसके लिए पत्र भेजे हैं। नीलामी के माध्यम से खनिज ब्लॉकों के आवंटन की प्रक्रिया 2015 में शुरू हुई थी। सूत्रों ने बताया कि तेलंगाना सरकार को हाल ही में लिखे पत्र में खान मंत्रालय ने राज्य से 30 जून तक नीलामी के लिए 11 में से कम से कम छह ब्लॉकों को अधिसूचित करने को कहा है। मंत्रालय ने चेतावनी दी कि ऐसा न करने पर केंद्र को नीलामी प्रक्रिया शुरू करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। वर्ष 2021 में खनन नियमों में किए गए संशोधन के अनुसार, यदि कोई राज्य सरकार आपसी सहमति से तय अवधि के भीतर खदानों की नीलामी करने में विफल रहती है, तो केंद्र के पास खनिज ब्लॉक को बिक्री के लिए रखने का अधिकार है।

नीलामी व्यवस्था शुरू होने के बाद से देश में 354 प्रमुख खनिज ब्लॉक की नीलामी की जा चुकी है। सूत्रों ने बताया कि इन 354 ब्लॉक में से 48 ब्लॉक में उत्पादन शुरू हो चुका है, जिससे खानों की बिक्री करने वाले राज्यों की राजस्व आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

**CHANGE OF NAME & DOB**

I, BATERI DEVI is legally wedded spouse of No- 15499028A, Rank – DFR, Name - PAWAN, residing at Vill& PO- Dagroli, Tehsil- CharkiDadri, Dist-Bhiwani, Haryana-127308. I have changed my Name & DOB from – **BATERI DEVI** (DOB:**12/07/1985**) to **BHATERI DEVI** (DOB: **06/01/1984**) for all purpose vide affidavit dated: 13/06/2024.

